7.6

## List of Resource Person and Guest Lecturer Invited by the Commerce Department for the Academic Session 2024-25

| Sr. No. | Date | Name | Designation | Title of Topic |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 5-10-2024 | Sh. Vineet Thakur | Branch Manager, HDFC Bank, Salooni | Financial Management from Pocket Money to Saving Bank Account |
| 2. | 14-12-2024 | Sh. Ankur Jaiswal | Branch Manager, State Bank of India, Salooni | Financial and Digital Literacy for Youth Studying in College |

## List of Resource Person and Guest Lecturer Invited by the Eco Club for the Academic Session 2024-25

| Sr. No. | Date | Name | Designation | Title of Topic |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 16-10-2024 | Sh. Baldev Singh | Social Activist | Understanding Environmental Concerns of Mountains and Role of Youth in its Conservation |
| 2. | 18-10-2024 | Sh. Niraj Guleria | Scientist Incharge Mountain Agriculture Research and Extension Station, Salooni, Chamba | Introduction to Environment and Agriculture Education and Research System in India |

## List of Resource Person and Guest Lecturer Invited by the Road Safety Club, Red Ribbon Club and Gender and Equity cell for the Academic Session 2024-25

| Sr. No. | Date | Name | Designation | Title of Topic |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 7-12-2024 | Sh. Jagjeet Singh Pathania | Medical Officer, Incharge, Civil Hospital Salooni, Chamba | Importance of Golden Hour in Case of Road Accident |
| 2. | 7-12-2024 | Sh. Bhoginder | Police Chowki Incharge Salooni, Chamba | Awareness on Road Safety Rules and Regulation |
| 3. | | Dr. Sunil Kakkad | Block Medical Officer, Kihar | Myths and Misconceptions related to HIV/AIDS |

02/03/2026
Sh. Shubham Dogra
Convener Criterion VII

2/3/26
Dr. Mohinder Kumar Slariya
Principal GDC Salooni

Principal
Govt. Degree College
Salooni, Chamba, H.P.


# कृषि प्रणाली में सुधार के लिए वैज्ञानिक तरीकों को अपनाएं

**कृषि विज्ञानी नीरज गुलेरिया ने राजकीय महाविद्यालय सलूणी में कृषि शिक्षा और अनुसंधान प्रणाली पर व्याख्यान दिया**

संवाद सहयोगी, जागरण • सलूणी : भारत की कृषि प्रणाली में सुधार के लिए सशक्त शिक्षा और अनुसंधान की आवश्यकता है। हमें नई तकनीकों और वैज्ञानिक तरीकों को अपनाना होगा ताकि हम उत्पादन को बढ़ा सकें और किसानों की आय में सुधार कर सकें।

यह बात कृषि वैज्ञानिक नीरज गुलेरिया ने कही। राजकीय महाविद्यालय सलूणी के आंतरिक मूल्यांकन प्रकोष्ठ और ईको क्लब की ओर से कृषि शिक्षा और अनुसंधान प्रणाली पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।

व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में कृषि विज्ञानी नीरज गुलेरिया उपस्थित रहे। गुलेरिया ने कहा कि किसानों को कृषि की नई-नई तकनीकों से अवगत करवाने का कार्य किया जाता है, जिससे किसानों को इसका काफी लाभ मिलता है। यदि भारत की कृषि प्रणाली में सुधार के लिए सशक्त शिक्षा और अनुसंधान की ओर विशेष ध्यान दिया जाता है तो इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को भारतीय कृषि प्रणाली की वर्तमान स्थिति, चुनौतियों और संभावनाओं के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम में पिंकी देवी, दिनेश कुमार, डा. सौरभ मिश्रा, गुरदेव सिंह, शुभम डोगरा एवं पंकज कुमार उपस्थित रहे।



सलूणी कालेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद कृषि विज्ञानी नीरज गुलेरिया व स्टाफ • जागरण

# रेड रिबन क्लब ने एड्स पर बच्चों को किया जागरूक

निजी संवाददाता-सलूणी

राजकीय महाविद्यालय सलूणी के रेड रिबन क्लब की ओर से एड्स के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ब्लाक चिकित्साधिकारी डाक्टर सुनील कक्कड़ मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि एड्स के प्रति भ्रांतियां, पूर्वाग्रह, संकोच को दूर करना अति आवश्यक है। तभी इस बीमारी का निदान और फैलाव रोका जा सकता है। उन्होंने एड्स के फैलाव के चार प्रमुख कारणों के बारे में विद्यार्थियों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसके उपरांत महाविद्यालय के वूमेन सेल की ओर से आयोजित कार्यशाला को भी ब्लाक चिकित्साधिकारी डाक्टर सुनील ने संबोधित किया। उन्होंने छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता और इस दौरान आने वाली समस्याओं के ऊपर जानकारी दी। छात्राओं को पौष्टिक और संतुलित आहार के महत्व के बारे में बताया। छात्राओं को मासिक धर्म के ऊपर खुलकर समाज में बात रखने को भी प्रेरित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डाक्टर मोहिंद्र कुमार सलारिया ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में एड्स, मासिक धर्म, टीबी जैसे संवेदनशील मुद्दों पर जागृति लाना है। वूमेन सेल कि प्रभारी प्रो. पिंकी देवी, रेड रिबन क्लब के प्रभारी क्लब के नोडल प्रभारी सौरभ मिश्रा एवं महाविद्यालय के अन्य प्रवक्ता गुरदेव सिंह और पंकज कुमार एवं चिकित्सा विभाग के तेजू राम और रोहित ठकुर उपस्थित रहे।



सलूणीः छात्रों को संबोधित करते मुख्य वक्ता

# छात्रों ने जाना सड़क सुरक्षा का ज्ञान

## सलूणी काजेल में रोड सेफ्टी पर जागरूक किए छात्र

निजी संवाददाता-सलूणी

राजकीय महाविद्यालय सलूणी में सड़क सुरक्षा क्लब की ओर से सड़क सुरक्षा जागरूकता पर गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस चौकी सलूणी के प्रभारी मोहिंद्र शर्मा मुख्य वक्ता रहे।

उन्होंने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों तथा इनके महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सड़क पर चलने वाले सभी व्यक्तियों को नियमों का पालन करना चाहिए और सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने छात्रों को ट्रैफिक सिग्नल्स और यातायात संकेतों का सही उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही, सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा गोल्डन आवर इन केस आफ एमरजेंसी पर भी एक विशेष गेस्ट लेक्चर आयोजित किया गया। इस सत्र में सिविल अस्पताल सलूणी के मेडिकल आफसर कम इंचार्ज, डाक्टर जगजीत सिंह पठानिया ने गोल्डन आवर के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के बाद प्राथमिक उपचार और जल्दी चिकित्सकीय सहायता मिलने से मरीज की जान बचाई जा सकती है। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. मोहिंद्र कुमार सलारिया ने सड़क सुरक्षा जागरूकता पर ध्यान देने के लिए क्लब के प्रयासों की सराहना की। इस मौके पर सड़क सुरक्षा क्लब के प्रभारी शुभम डोगरा, प्रवक्ता पंकज कुमार, प्रवक्ता पिंकी देवी, प्रवक्ता दिनेश कुमार, प्रवक्ता गुरदेव और प्रवक्ता सौरभ मिश्रा भी उपस्थित रहे।

- सड़क पर सफर करते नियमों का करें पालन
- छात्रों को रोड सेफ्टी के समझाए सभी सबक
- दुर्घटना के तुरंत बाद मरीज को पहुंचाएं अस्पताल



सलूणी : सड़क सुरक्षा जागरूकता पर गेस्ट लेक्चर के दौरान मौजूद छात्र


02/03/2026
Sh. Shubham Dogra
Convener Criterion VII

5/3/26
Dr. Mohinder Kumar Slariya
Principal GDC Salooni

Principal
Govt. Degree College
Salooni, Chamba, H.P.

# सलूणी कालेज में विद्यार्थियों को बैंकिंग योजनाओं के बारे में किया जागरूक

सलूणी, 14 दिसम्बर (शक्ति): राजकीय महाविद्यालय सलूणी में अर्थशास्त्र और वाणिज्य विभाग द्वारा अर्थव्यवस्था और डिजिटल साक्षरता विपय पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया।




सलूणी : कालेज में आयोजित शिविर में जानकारी देते शाखा प्रबंधक अंकुर जायसवाल और उपस्थित विद्यार्थी। (शक्ति)

इस अवसर पर एस.बी.आई. शाखा प्रबंधक सलूणी अंकुर जायसवाल ने युवाओं को आधुनिक वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता के लाभ के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश के आकांक्षात्मक जिलों के विकास में महिलाओं की भूमिका पर एक अन्य व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस विपय पर अतिथि व्याख्यात्री डॉ. रुचि रमेश, प्राचार्य, सरकारी डिग्री कालेज सोलन हिमाचल प्रदेश ने महिलाओं के विकास के महत्व और विशेप रूप से हिमाचल प्रदेश के आकांक्षात्मक जिलों में उनके योगदान पर चर्चा की। करियर काउंसलिंग और प्लेसमेंट सैल द्वारा इंटरनैट के युग में वैकल्पिक आजीविका विकल्प विपय पर एक और व्याख्यान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में फ्रीलांसर और यूट्यूबर अवि मल्होत्रा ने आकांक्षात्मक जिलों से प्रेरणादायक बनने की दिशा में युवाओं के लिए संभावनाओं के बारे में जानकारी साझा की।

इन व्याख्यानों ने छात्रों में जागरूकता बढ़ाई और उन्हें अपने भविष्य के लिए सही दिशा में कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान राजकीय महाविद्यालय सलूणी के प्राचार्य डॉ. मोहिंद्र कुमार सलारिया ने कहा कि महाविद्यालय सलूणी ऐसे ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा ताकि छात्रों को समग्र विकास में सहायता मिल सके। कार्यक्रम में सहायक प्रवक्ता शुभम डोगरा, सहायक प्रवक्ता पंकज कुमार, सहायक प्रवक्ता पिंकी देवी, सहायक प्रवक्ता दिनेश कुमार और सहायक प्रवक्ता गुरदेव सिंह उपस्थित रहे।

# श्रमदान करेंगे स्वयंसेवी, लोगों को बताएंगे स्वच्छता का महत्व

संवाद सहयोगी, जागरण • सलूणी : राजकीय स्नातक महाविद्यालय सलूणी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का वीरवार को शुरू हुआ। शिविर 26 दिसंबर से पहली जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। शिविर के दौरान जहां कालेज परिसर सहित अन्य स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा, वहीं लोगों को भी साफ-सफाई व स्वच्छता का महत्व बताया जाएगा।




सलूणी स्कूल में पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष धर्म सिंह पठानिया को सम्मानित करते प्राचार्य डा. मोहिंदर सलारिया • जागरण

शिविर के आगाज पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष धर्म सिंह पठानिया मुख्यातिथि रहे। उनके साथ सलूणी पंचायत के उपप्रधान, पीटीए अध्यक्ष एवं उनके सहयोगी भी मौजूद रहे। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यकारी अधिकारी सहायक प्रवक्ता पंकज ने स्वयंसेवियों को शिविर के बारे में जानकारी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. मोहिंदर कुमार सलारिया ने सात दिवसीय शिविर के दौरान विभिन्न गतिविधियों का प्रदर्शन करने के लिए स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया। वहीं, धर्म सिंह पठानिया ने भी स्वयंसेवकों को संबोधित किया। उन्होंने स्वयंसेवकों को नेतृत्व कौशल हासिल करने, सामाजिक मुद्दों के बारे में अपनी समझ बढ़ाने और बदलाव लाने के लिए खुद को सशक्त बनाने के लिए कहा। उद्घाटन सत्र में महाविद्यालय के प्राचार्य ने स्वयंसेवकों को विशेष शिविर के नियम उद्देश्य एवं गतिविधियों की भी जानकारी दी। अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्रवक्ता पंकज ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर महाविद्यालय के स्टाफ के सदस्य सहायक प्रवक्ता पिंकी देवी, सहायक प्रवक्ता दिनेश शर्मा, सहायक प्रवक्ता गुर देव, सहायक प्रवक्ता सौरभ मिश्रा, सहायक प्रवक्ता शुभम डोगरा भी मौजूद रहे।

02/03/2026
Sh. Shubham Dogra
Convener Criterion VII

5/3/26
Dr. Mohinder Kumar Slariya
Principal GDC Salooni

Principal
Govt. Degree College
Salooni, Chamba, H.P.